31 अक्टूबर, 2016

प्रेस आमंत्रण/विज्ञप्ति

# जामिइ में कल 'ग्लोबल सिटीज़ सस्टेनेबिलिटी एंड मैनेजमेंट ऑफ द अरबन इकोसिस्टम' पर कोर्स का उद्‌घाटन

मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वैश्विक पहल के तत्वावधान में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के उच्च शिक्षा शैक्षणिक नेटवर्क (गियान) में 'ग्लोबल सिटीज़ सस्टेनेबिलिटी एंड मैनेजमेंट ऑफ द अरबन इकोसिस्टम' पर प्रो. डॉ जरगन ब्रूस्ट, शहरी पारिस्थितिकीय के एक प्रसिद्ध प्रोफ़ेसर और चेयर, शहरी एवं लैंडस्केप पारिस्थितिकी, भूगोल और भूविज्ञान विभाग, सेल्जबर्ग विश्वविद्यालय, आस्ट्रिया 12 व्याख्यान देंगे।

कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रातः 9.45 बजे एफटीके–सीआईटी सभागार में कोर्स का उद्‌घाटन करेंगे।

मंगलवार, 1 नवंबर से गियान कार्यक्रम के अंतर्गत पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में प्रो. अतिकुर रहमान, भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

प्रो. अतिकुर रहमान ने कहा कि कोर्स का मुख्य उद्देश्य शहर के रूप में एक जटिल शहरी पारिस्थितिकी तंत्र की एक समझ विकसित करना और अंतःविषय पहलुओं पर एशियाई और यूरोपीय दृष्टिकोण के अनुभवों का आदान–प्रदान करना है।

शहरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन लागू करने के लिए व्यावहारिकता की जरूरत है–इसके लिए एशिया और यूरोप दोनों के अभिनव और एकीकृत दृष्टिकोण की प्रासंगिकता पर चर्चा भी इस कार्यशाला में होगी।

इसके अलावा इस कोर्स के द्वारा मौजूदा और शहरी पर्यावरण प्रबंधन पर शिक्षण और अनुसंधान के भविष्य और अभ्यास उन्मुख पहलुओं की पहचान करके योजना को सुदृढ़ करने का भी प्रयास है।

यह कोर्स मेगा शहरों में शहरी पारिस्थितिकी प्रणालियों, शहरी पारिस्थितिकी तंत्र जोखिम और पर्यावरण नीति, सतत विकास और टिकाऊ शहर, जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं और हरित शहर के रूप में पांच पहलुओं का संगम होगा।

प्रो साइमा सईद
मानद उप मीडिया समन्वयक
9891227771